


नवभारत
ग्वालियर, शनिवार 23 मई, 2026




## एक नजर में

### पंडित घाट पर दीपदान एवं आरती 25 मई को

**श्योपुर, 22 मई।** गंगा दशहरा 25 मई के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सीप नदी के पंडित घाट पर दीपदान एवं आरती के कार्यक्रम किये गये है। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग के नेतृत्व में 25 मई को शाम 05 बजे सीप नदी के पंडित घाट पर दीपदान कार्यक्रम के साथ ही आरती होगी। उन्होंने सभी नागरिको से इस अवसर पर सहभागिता की अपील की है। नगरपालिका श्योपुर के नोडल अधिकारी आदित्य चैहान ने बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत जती घाट से कलश यात्रा के साथ होगी, यह कलश यात्रा जती घाट से पंडित घाट तक आयोजित होगी, इसके उपरांत श्री भुवनेश्वर महादेव के पूजन उपरांत सीप नदी में दीपदान किया जायेगा और आरती होगी।

### राडेप में शिविर आयोजित



**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में ग्राम राडेप में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर हेपेटाइटिस बी और सी, एचआईवी एवं सिफलीस की जॉच की गई। इस दौरान 220 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सेना, डीसीएम अमित कुमार श्रीवास, एपीडेमीलॉजिस्ट योगेश यादव द्वारा शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य जांच टीम को उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मेहरवानी ग्राम का भ्रमण



**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आमजन को सतत् रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनीटरिंग के संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम मेहरवानी का भ्रमण किया गया। टीम में योगेश कुमार यादव, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, विशाल दुबे, लीड ट्रेनर यूसेड फाउंडेशन, रेपिड टीम शामिल रही। इस दौरान आशा कार्यकताओं एवं सुपरवाईजर तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कराया गया। आर .आर .टी . टीम के द्वारा मौके 42 रोगियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं है तथा खसरे के संक्रमण को रोकने के लिए प्रोटोकॉल के अनुसार बच्चों को विटामिन ए का पहला डोज दिया गया।

### पेयजल व्यवस्था को लेकर जनपद में बैठक का आयोजन



**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित पेयजल संकट के निराकरण एवं सतत निगरानी को लेकर गुरुवार को जनपद पंचायत श्योपुर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों एवं सचिवों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि ग्रामीण अंचल की किसी भी बस्ती, गांव अथवा परिवार को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही जमीनी अमले को सक्रिय रहकर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एल.पी. सिंह, सहायक महाप्रबंधक म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी प्रतीक तेंदुलकर, पंचायत प्रकोष्ठ अधिकारी जिला पंचायत श्रीमत राजेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्योपुर एस.एस. भटनागर, उपयंत्री पीएचई ओ.पी. नागर सहित समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे।

### दाना पानी अभियान के तहत बमौरी में लगाये संकोरे



**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर ग्रीष्मकाल में पक्षियों को पानी एवं दाने की सहज उपलब्धता के लिए शुरू किये गये दाना पानी अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम बमौरी स्थित हनुमान जी मंदिर परिसर में सकोरे लगाये गये। इस अवसर पर संभागीय समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया, जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, विकासखंड समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह एवं नवांकुर संस्था जय हिंद समाज कल्याण समिति के सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संभागीय समन्वयक श्री सिसौदिया ने कहा कि हमें जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह द्वारा भी ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा ब्लॉक समन्वयक द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम सरारी एवं ग्राम बमोरी में जन सहभागिता से छोटे तालाबों पर श्रमदान कर गहरीकरण का कार्य किया गया। संभागीय समन्वयक श्री सिसौदिया द्वारा कार्यक्रम उपरांत नवांकुर संस्था द्वारा संचालित जन सूचना केंद्र ग्राम सरारी एवं वाचनालय केन्द्र बमोरी तथा नवांकुर नर्सरी ग्राम बमोरी , संस्कार केंद्र ग्राम बमोरी आदि का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिलीप सिंह पटेलिया तथा बमोरी सरकार हनुमान जी के पुजारी बल्ले महाराज, सैना भगत, जबर सिंह पटेलिया, अमर सिंह पटेलिया, बाबूलाल, गणपत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विकास के लिए समन्वय से कार्य करें : सांसद तोमर

## मार्च-2027 तक पूर्ण होगा श्योपुर तक ब्रॉडगेज लाइन का कार्य, वर्षाकाल से पूर्व मानपुर पुल शुरू करने के निर्देश




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने दिशा समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सभी मिलकर समन्वय से कार्य करें, उन्होने कहा कि विकास योजनाओं के प्रोजेक्ट बनाये तथा उन्हें अवगत कराया जायें, जिससे उच्च स्तर पर प्रयास करते हुए स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही ऐसे प्रोजेक्ट जो वरिष्ठ कार्यालयों में एनओसी अथवा अन्य तकनीकी स्वीकृतियों के लिए लंबित है, उनकी जानकारी प्रदान की जायें, जिससे उनका निराकरण कराया जा सकें।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी सेसईपुरा, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, श्रीमती विनीता प्रजापति सरपंच बनवाडा, श्रीमती कृष्णा देवी सरपंच श्यारदा, मुकेश राठौर सरपंच अगरा, कमलेश सुमन जवासा, नरेश रावत, भारत सिंह गुर्जर, पूरण आर्य आदि सदस्य उपस्थित थे। इसके साथ ही विधुत सलाहकार समिति के सदस्य ऋषि मुदगल, सुमित सिंहल भी मौजूद रहें। इसके अलावा डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुरल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री तोमर ने रेलवे विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि श्योपुर तक रेल लाइन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जायें, इसके साथ ही श्योपुर में पुराने रेलवे स्टेशन से नवीन रेलवे स्टेशन बर्धा बुजुर्ग तक सडक बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जायें अथवा उक्त भूमि पुन: राजस्व विभाग को उपलब्ध कराई जाये, जिससे सडक निर्माण के लिए कार्य योजना बनाई जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि वेस्टन रेलवे द्वारा श्योपुर-कोटा रेलवे लाइन निर्माण की प्रक्रिया की जा रही है। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सहायक कार्यपालन यंत्री श्री मनीष गर्ग ने बताया कि वीरपुर तक रेलवे ट्रेक का कार्य पूर्ण हो गया है तथा ट्रायल भी किया गया है, मार्च-2027 तक श्योपुर तक रेलवे ट्रेक पूर्ण कर ट्रायल कर लिया जायेगा।

सांसद श्री तोमर ने वन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चीता प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण है तथा इसके प्रमोशन के लिए कार्य किया जायें, पर्यटको को आकर्षित करने के उद्देश्य से जिले के महत्वपूर्ण मार्गो सहित समीपवर्ती जिलों में प्रमोशन के लिए होर्डिग लगाये जायें। उन्होंने कहा कि टिकटोली गेट से पर्यटन गतिविधियों को बढाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने सेसईपुरा से टिकटोली तक फॉरलेन सडक निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागों में संचालित कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण किया जायें तथा विकास कार्यो के नवीन प्रस्तावों की प्रति सांसद श्री तोमर को उपलब्ध कराई जायें, जिससे वरिष्ठ स्तर से कार्यो को ओर गति प्रदान होगी।

**सांसद उपलब्ध करायेंगे क्षय रोगियों 100 फूड बॉस्केट :** सांसद श्री तोमर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत क्षय रोगियों को पोष्टिक आहार हेतु उनकी ओर से 100 फूड बॉस्केट प्रदाय की जायेगी।

### 61 सड़कें प्रस्तावित, मजरे टोलों के प्रस्ताव भी भेजे

बैठक में पीएमजीएसवाय अधिकारियों ने बताया कि पीएम जनमन अंतर्गत वर्ष 2026 के प्रथम चरण में 92 .38 किलोमीटर लम्बाई की 57 सडके प्रस्तावित की गई है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 7 .55 किलोमीटर लम्बाई की 4 सडके प्रस्तावित है, इसके अलावा मजरा टोला अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कुल 61 सडके के निर्माण के प्रस्ताव भेजे गये है।

# आज शहर के वार्ड नंबर 8 में लगेगा शिविर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से लागू की गई संपर्क अभियान योजना के तहत विधुत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विधुत वितरण केन्द्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में कलस्टर बनाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में 13 स्थानों पर भी लगेंगे विधुत समस्या निवारण शिविर**

महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 मई को वितरण केन्द्र श्योपुर शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 08 में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत ग्राम जवासा में, वितरण केन्द्र ढोढर अंतर्गत ग्राम मानपुर में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत जलालपुरा में, वितरण केन्द्र सोईकलां अंतर्गत ग्राम रन्नौद में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम गढी में, वितरण केन्द्र गसवानी अंतर्गत ग्राम बिनेगा में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम रघुनाथपुर में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम बडागांव में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम इकलौद में, वितरण केन्द्र बडौदा अंतर्गत ग्राम ललितपुरा में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम चकरामपुरा में, वितरण केन्द्र पाण्डोला अंतर्गत ग्राम राडेप में, वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कलारना में भी 23 मई को शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए ग्रामों का भ्रमण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के निर्देशन में मलेरिया नियंत्रण एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत विकासखंड बड़ौदा एवं कराहल के विभिन्न ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भ्रमण एवं समीक्षा कार्य किया गया।

विकासखंड बड़ौदा में एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा ग्राम प्रेमपुरा, मलपुरा एवं मठेपुरा का भ्रमण किया गया। वहीं विकासखंड कराहल में मलेरिया निरीक्षक श्री नरसिंह गौड़ द्वारा ग्राम सेसईपुरा एवं रानीपुरा का भ्रमण कर क्षेत्रीय स्वास्थ्य गतिविधियों की समीक्षा की गई।

भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से समुदाय में घर-घर भ्रमण कर बुखार पीड़ित मरीजों की मलेरिया किट से जांच करें तथा लार्वा सर्वे कार्य को प्रभावी रूप से संचालित करें। साथ ही पॉजिटिव मरीज मिलने पर तत्काल एएनएम एवं सीएचओ के माध्यम से पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीकाकरण सत्र स्थलों पर उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा मच्छरदानी के नियमित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

# 4 कंपनियों ने किया 59 युवाओं का चयन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगरपरिषद भवन बडौदा में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 4 कंपनियों द्वारा 59 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर नौकरी के लिए ऑफर दिये गये।

जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान में नगरपरिषद भवन बडौदा में आयोजित रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भरोसी बाई सुमन, उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा, राजू सुमन, सतीश राठौर, महावीर नगर, चरण सिंह तोमर, एआरआई अजय रावत, प्रमोद कुमार राय डीएम स्कील एनआरएलएम आदि उपस्थित रहे। युवा शक्ति फाउंडेशन पीथमपुर, प्रतिभा स्वरोजगार स्वराज प्राइवेट लिमिटेड, पीथमपुर, यूनिक्वीन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर, भारतीय जीवन बीमा निगम श्योपुर द्वारा विभिन्न पदो पर 59 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में 72 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया था।

# महिला बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर्स के लिए प्रशिक्षण आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में समर कैम्प 2026-स्कूल की तैयारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर सीडीपीओ एवं सुपरवाईजर के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण की शुरूआत महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब द्वारा की गई।

प्रशिक्षक के रूप में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के महेन्द्र यादव, अरविन्द चैहान एवं बाबू सिंह लोधी उपस्थित रहें।

श्योपुर, कराहल एवं विजयपुर क्षेत्र में पदस्थ सुपरवाईजर तथा परियोजना अधिकारियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण में आंगनबाडी से कक्षा 1 में जाने वाले बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने बच्चों के अभिभावको को बच्चों की सीखने की दक्षता से अवगत कराने और सक्रिय सहभागी बनाने आदि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। समर कैम्प 2026 तीन परस्पर पूरक चरणो में संचालित होगा। जिसके तहत प्रथम चरण में 26 मई को प्रथम स्कूल रेडिनेस मेला का आयोजन किया जायेगा तथा मई-जून के 4 सप्ताह में माताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्हाट्सएप पर एक कहानी-एक खेल, एक कविता तथा घर पर प्रतिदिन माता समूह बैठके आयोजित की जायेगी तथा तीसरे चरण में प्रगति का आंकलन करते हुए 30 जून को फिर से स्कूल रेडिनेस मेला आयोजित किया जायेगा।

# विजयपुर में शांति समिति की बैठक हुई, लिए निर्णय




**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 22 मई।** आज विजयपुर जनपद पंचायत कार्यालय में ईद के त्योहार को लेकर शांति समिति की मीटिंग बुलाई गई जिसमै अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक मिश्र ब एसडीओपी रावेन्द्र सिंह तोमर ब तहसीलदार रजनी बधेल ब दीपक धाकड़ जनपद सीईओ ब थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ब ट्रैफिक प्रभारी भागवत प्रसाद पाण्डेय बजनपद अध्यक्ष बदन सिंह राबत ब मण्डल अध्यक्ष शिबम मुगदल ब कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष हरिकिशन कुशवाह, कमलेश कुशवाह अध्यक्ष नगरपरिषद ब मुसलमान समाज अध्यक्ष बंन्टी खां ब पूर्व सीएमओ अजीज खां ब मुस्लिम समाज के लौग ब पत्रकार उपस्थित रहे , एसडीएम अभिषेक मिश्र ने ईद के त्योहार पर चर्चा हुई तब समाज के अध्यक्ष बंन्टी खां ने कहा कि 28/5/026 को ईदगाह बस स्टैंड के पास मीट मार्केट के पास सुबह 7 बजे से नबाज होगी , ईदगाह परिसर की ब मीट मार्केट में सफाई व्यवस्था की जाबे तब एसडीएम अभिषेक मिश्र ने नगरपालिका के प्रभारी अकाउटैन्ट आबिद खां को आदेश दिया कि 27 तारीख को श्याम 5 बजे मीट मार्केट ब ईदगाह परिसर को पानी से साफ कराया जाये ओर सुबह ईद के समय पर शीतल पेय जल का टैन्कर की ब्यबस्था कराना है तथा इसी बीच 27 तारीख को श्याम 4 बजे से मीट मार्केट बन्द कराने का आदेश थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर को दिया गया दि 28 को12 बजे तक मीट मार्केट बन्द रहेगी ब ईदगाह पर सुरक्षा ब्यबस्था हेतु आदेश दिया।

# सामान्य वन मंडल को मिला जैव विविधता पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 22 मई।** सामान्य वन मंडल श्योपुर को मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि सामान्य वन मंडल श्योपुर को राज्य स्तरीय जैव विविधता पुरस्कार 2024 एवं 2025 अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किये गये है। यह पुरस्कार आज 22 मई को भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किये गये, उन्होंने बताया कि सामान्य वनमंडल श्योपुर को वर्ष 2024 में जैवविविधता अतंर्गत पहुंच एवं लाभ प्रभाजन के अधिकतम अनुबंध-हेतु द्वितीय स्थान के लिए एवं वर्ष 2024 में पहुंच एवं लाभ प्रभाजन की अधिकतम राशि - हेतु प्रथम स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है।

# सबलगढ़ की जनता का मेमू ट्रेन इंतजार कब खत्म होगा

**गोपाल सोनी**
**श्योपुर, 22 मई।** सबलगढ़ की जनता को मेमू ट्रेन का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है आखिर क्यों आज फिर से रेल्वे अधिकारियों द्वारा वीरपुर तक रेलवे लाइन का निरीक्षण किया गया।

**आज रेलवे अधिकारियों ने वीरपुर तक निरीक्षण किया**



कैलारस से सबलगढ़ तक रेलवे ट्रैक को बने हुए करीब एक वर्ष होने को आ रहा है सब कुछ ठीक होने के बाद भी रेल्वे मेमू ट्रेन को सबलगढ़ तक क्यों नहीं चला रहा है क्या सबलगढ़ नेता विहीन है या फिर कोई ऐसा नेता सबलगढ़ में नहीं है कि वह ट्रेन को सबलगढ़ तक लाया जा सकता है जब मेमू ट्रेन का कार्य सुमावली तक पूर्ण हुआ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा हरी झंडी दिखा सुमावली तक लेकर आए मेमू ट्रेन शुरू करवा दी जब कार्य जोरा तक पूर्ण हुआ तो फ़िर से तोमर द्वारा हरी झंडी दिखा कर जोरा तक लाकर हरी झंडी दिखा दी जब रेलवे का कार्य कैलारस तक पूर्ण हुआ तो केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हरी झंडी दिखा कर कैलारस तक मेमू ट्रेन को लेकर आए लेकिन सबलगढ़ स्टेशन का कार्य पूर्ण हुए एक वर्ष होने को है परन्तु यहां तक कोई नेता मेमू ट्रेन को लेकर नहीं आया इस क्षेत्र की जनता को ग्वालियर जाने के लिए कैलारस तक जाना पड़ता है जिससे उनका समय ओर धन दोनों खर्च होते हैं सब कुछ ठीक होने के बाद भी इस क्षेत्र की जनता को मेमू ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

आज रेलवे के चीफ इंजीनियर जे सी एस बोरा अपर रेल प्रबंधक प्रेमप्रकाश शर्मा विद्युत इंजीनियर अशोक प्रिय गौतम द्वारा अपनी टीम के साथ वीरपुर तक रेलवे ट्रैक विद्युत लाइन का निरीक्षण किया ओर बताया कि जून में सबलगढ़ वासियों को मेमू ट्रेन की सुविधा मिल सकती है

विचारणीय प्रश्न यह है कि जब सबलगढ़ तकरेलवे ट्रैक स्टेशन विद्युत लाइन का कार्य पूर्ण हो गया था तो फिर एक साल से मेमू ट्रेन की सुविधा से यह क्षेत्र वंचित क्यों है वीरपुर तक कार्य पूर्ण होने से पहले यह सुविधा क्यों नहीं मिली।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 22 मई।** आज नगर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल के सानिध्य में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों द्वारा माननीय विधानसभा अध्यक्ष को विशाल पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया गया

इस अवसर पर नगरवासियों ने अध्यक्ष बसंत बंसल के माध्यम से अपनी विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे विशेष रूप से रामपुर रोड क्षेत्र के रहवासियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में सबलगढ़ तहसीलदार एवं पटवारी पर कूटरचित नोटिस जारी कर आमजन को प्रताड़ित करने सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने तथा जनता को गुमराह करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए साथ ही विस्थापित सब्जी मंडी के दुकानदारों को उचित स्थान उपलब्ध कराने हेतु भी भावनात्मक निवेदन किया गया ताकि छोटे व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न रोज़गार एवं आजीविका के संकट का समाधान हो सके नरेंद्र सिंह तोमर ने उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अन्याय एवं प्रशासनिक लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमलेश कुशवाह जिलाध्यक्ष सोनू परमार जिला महामंत्री राजेन्द्र मरैया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दर्शन सोनी डॉ. राजेश गौड़ सिंगरौली महामंत्री धर्मसिंह जादौन मंत्री मिलिन्द वर्मा उपाध्यक्ष नितिन सोनी उपाध्यक्ष सूरज खान उपाध्यक्ष भरत शर्मा कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा अरविंद मंगल विनय खटीक मंत्री राहुल पाराशर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।